हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 फरवरी 2026


06 गीता भवन निर्माण की प्रक्रिया कागजों तक है सीमित!



09 जन इच्छाः अब तीन नहीं बल्कि 5 दिवसीय हो...






## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता में डॉल्फिन अकैडमी का शानदार प्रदर्शन



**नर्मदापुरम।** भोपाल में आयोजित सीबीएसई बेस्ट ज़ोन 2025 तैराकी प्रतियोगिता में डॉल्फिन अकैडमी नर्मदापुरम के तैराकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। यशवर्धन देशमुख ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक, फ्लाई व फ्री स्टाइल में तीन स्वर्ण, तथा 100 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीता। वहीं आरोन डेविड ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण, 100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत, तथा 50 मीटर बैक स्ट्रोक और 4×100 मीटर फ्री स्टाइल रिले में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा अगस्त यादव, पार्थ बरौनियां और नित्या निगोटे ने 4×100 मीटर फ्री स्टाइल रिले में कांस्य पदक जीतकर टीम को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल संघ पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों व खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह की वार्षिक बैठक

**नर्मदापुरम।** पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह समिति की वार्षिक बैठक रविवार को सायंकाल 7 बजे लक्ष्मीविलास, जगदीशपुरा में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष आयोजित होने वाले पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सचिव प्रशांत मुन्नू दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा महाविद्यालय के संस्थापक एवं प्रख्यात शिक्षाविद पं. रामलाल शर्मा जी की पुण्य स्मृति में विगत 47 वर्षों से परंपरागत रूप से सेठानी घाट पर प्रतिवर्ष मार्च माह में पाँच दिवसीय प्रवचन प्रसंग का आयोजन किया जाता रहा है।


### पानी में डूबी कार में संघर्ष के बावजूद नहीं निकल पाए युवक बाहर

# कार हादसे में दो घरों के इकलौते चिराग़ बुझे, तीन युवकों की मौत

तेज रफ्तार कार में हुई युवाओं की मौत के बाद तीनों घरों में शौक की लहर है। इस हादसें में दो घरों के इकलौते चिराग बुझ गए है। नहर के पानी में समाई तेज रफ्तार कार ने परिवारों को जीवन भर का दर्द दे दिया है। पुलिस मामले में घटना के कारण का पता लगा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार की रात एक तेज रफ्तार कार में सवार तीन युवक मौत के आगोश में समा गए। युवकों की मौत तवा नहर में अनियंत्रित कार गिरने से दर्दनाक तरीके से हुई। हादसे में दो युवक अपने घर के इकलौते चिराग़ थे। घटना के बाद में ढाई घंटे रेस्क्यू के बाद भी युवकों को जिंदा नहीं बचाया जा सका। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार केसला तरफ से आ रही कार तेज रफ्तार में दौड़ती हुई रेलिंग तोड़कर सीधे तवा नहर में समा गई थी। कार के दरवाजे लॉक हो जाने के कारण युवक बाहर नहीं निकल सके और पानी में दम घुटने से उनकी जान चली गई। मृतकों की पहचान लक्की पिता भवानीशंकर पटेल 30 वर्ष रैसलपुर, शिवम पिता महेश तिवारी 25 वर्ष ग्राम चीरपानी थाना पथरोटा और अभि पिता राजेश चौहान 20 वर्ष पुरानी इटारसी के रूप में हुई है। कार बरामदगी के दौरान शव के साथ पुलिस को शराब की खाली बॉटल भी मिली है।



#### ढाई घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

घटना की सूचना मिलते ही इटारसी और पथरोटा पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पहले जेसीबी मशीनों के जरिए कार को खींचने की कोशिश की गई, लेकिन कार गहराई में होने के कारण प्रयास विफल रहे। इसके बाद नर्मदापुरम से राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को बुलाया। करीब ढाई घंटे के कड़े संघर्ष और क्रेन की मदद से कार को पानी से बाहर निकाला जा सका। कार के भीतर का दृश्य देख बचाव दल भी सन्न रह गया। घटना की जानकारी मिलते ही टीआई गौरव सिंह बुंदेला,एसआई रजक और अन्य पुलिस कर्मी मोके पर पहुचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

#### इकलौते चिराग़ थे लक्की और अभी



हादसे में मृतक लक्की पटेल और अभी चौहान अपने घर के इकलौते पुत्र थें। रेसलपुर निवासी मृतक लक्की के एक भाई की मौत कुछ वर्ष पहले नर्मदा नदी ने डूबने से हुई थी, जिसके बाद अपनी मां का वह इकलौता सहारा था। वहीं पुरानी इटारसी निवासी अभि, अपने पिता राजेश चौहान का इकलौता पुत्र था। अभि की एक बहन भी है। पिछले कुछ वर्षों से पढ़ाई छोड़कर वह लक्की पटेल के साथ ही रहता था। इसाके साथ ही शिवम तिवारी आदिवासी ग्राम छीरपानी के इकलौते ब्राह्मण परिवार का बड़ा लड़का था। हादसे में मृतक तीनों ही युवकों की पारिवारिक आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। तीनों ही युवक मध्यमवर्गीय एवं निम्न वर्गीय परिवार से आते हैं और प्रायवेट काम करके घर चला रहे थे।

#### रेलिंग तोड़कर नहर में समाई तेज रफ्तार कार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्रे रंग की एक कार काफी तेज रफ्तार में थी। जानकारी अनुसार घटना के दौरान लक्की पटैल कार चला रहा था। वहीं दोनों युवक अभी एवं शिवम पीछे की शीट पर बैठे हुए थे। पथरोटा के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सुरक्षा रेलिंग को तोड़ती हुई सीधे उफनती तवा नहर में जा गिरी। स्थानीय युवाओं ने तत्काल नहर में कूदकर बचाव का प्रयास किया, लेकिन पानी के भारी दबाव और कार के गेट लॉक होने के कारण वे युवकों को बाहर निकालने में असमर्थ रहे।

#### इलेक्ट्रिक लॉक बने मौत का फंदा?

विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक कारों में पानी घुसते ही इलेक्ट्रिक सिस्टम शॉर्ट हो जाता है, जिससे सेंट्रल लॉकिंग जाम हो जाती है। पानी के दबाव के कारण दरवाजे खोलना लगभग नामुमकिन हो जाता है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि क्या हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ या मानवीय चूक की वजह से। वहीं घटना के बाद कार निकालने के लिए वाहनों की पड़ताल की गई तो तात्कालिक रूप से समय रहते जेसीबी, पोकलेन एवं हाईड्रा जैसे वाहन नहीं मिल सके। अमूमन जब तक जेसीबी वाहन मौके पर पहुंचा तब तक युवकों की जा चुकी थी।

#### इनका कहना है

कार के अंदर कांच पर संघर्ष के निशान मिले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि युवकों ने खिड़कियां तोडने की भरपूर कोशिश की थी, लेकिन पानी के भारी दबाव और ऑक्सीजन की कमी ने उन्हें मौका नहीं दिया।

**अमृता दीक्षित,** प्लाटून कमांडर, एसडीआरएफ

नहर में गिरी कार में हुई तीनों मौत के मामले में पथरौटा थाने में मर्ग कायम किया है। कार में शराब की खाली बोतल मिली है, युवकों के नशे में होने की आशंका है। हालांकि पूरा खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

**संजीव पवार,** थाना प्रभारी, पथरौटा

### मां की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सों एक्ट दर्ज किया

## नाबालिक को दिखा रहा शिक्षक अश्लील विडियो, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरू-शिष्य की परंपरा को धूल में मिलाने वाले शिक्षक पर पिपरिया पुलिस ने पॉक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। शिक्षक नाबालिक को अश्लील वीडियों दिखा रहा था जिसकी जानकारी नाबालिक ने उसकी मां को दी। घटना पिपरिया थाना अंतर्गत एक गांव की है।

शिक्षक एसआईआर के कार्य में लगा हैं। मां की शिकायत पर शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पिपरिया थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है जिसकी जांच की जाएगी। फिलहाल मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि जांच के लिए मोबाइल को फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। काठी गांव स्थित शासकीय प्राइमरी स्कूल के एक शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन पर 13 साल की छात्रा को मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप है।

नाबालिग छात्रा की मां ने हरकत के बाद शिक्षक को पत्थर मार दिया था। शिकायत में आरोप लगाया है कि शिक्षक हरकत कर रहा था। पुलिस ने शिक्षक टीकाराम प्रजापति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

## बाघ का आतंकः झोपड़ी में घुसकर युवक को ले गया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया के झिरिया (डैम मोहल्ला) के जंगल में एक बाघ ने झोपड़ी में घुसकर युवक को खींच लिया। स्थानीय वन क्षेत्र डोकरी खेड़ा बीट के तहत आने वाले इस जंगल में युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान कमल ठाकुर बारी देवी गांव निवासी के रूप में हुई। उनके परिवार ने बताया कि कमल पचमढ़ी में दैनिक वेतन पर काम करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से बाघ का मूवमेंट देखा जा रहा था। उन्होंने कई बार वन विभाग को चेतावनी दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद गांव में आक्रोश फैला और ग्रामीणों ने चक्का जाम भी किया। सामान्य वन मंडल के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि मृतक के परिवार को 8 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा आसपास के इलाकों में मुनादी करवाई गई है, ताकि अन्य ग्रामीण सतर्क रहें और इस तरह के हादसों से बचा जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल के पास रहने वाले ग्रामीणों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए और वन विभाग की चेतावनियों का पालन करना चाहिए।

## सभी वर्गों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा केंद्रीय बजटः आलोक




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विकसित भारत 2047 के संकल्पों को साकार करने वाला है बजट हैं यह बातें शनिवार को नर्मदापुरम पहुंचे सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने वाला बताया। यह बजट देश की आर्थिक समृद्धि को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि 53.5 लाख करोड़ रुपये का यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिलाएं, उद्यमी, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की आशा-अपेक्षाओं को पूरा करता है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो आने वाले वर्षों में भारत को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## नर्मदा परिक्रमावासी बुजुर्ग की हादसे में मौत, रास्ते में थम गई आस्था की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां रेवा की परिक्रमा कर रहे विदिशा के बुजुर्ग के साथ सड़क हादसा हुआ। जिसमें वह अपनी जान गंवा बैठे, जैसे ही लोगों तक यह बात पहुंची, ऐसे में नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर सवाल उठने लगे कि आस्था की यात्रा पर निकले बुजुर्ग की रास्ते में ही सांसे थम गई।

मृतक बुजुर्ग नंदलाल कुशवाहा विदिशा जिले के निवासी थे। उन्हें अज्ञात वाहन की टक्कर मारी थी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और नर्मदा परिक्रमा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

#### घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

हादसे की सूचना मिलते ही डोलरिया टीआई सहित अन्य बल मौके पर पहुंचा। सड़क किनारे पड़े मृतक के शव को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिक्रमा मार्ग से गुजर रहे श्रद्धालु और राहगीर यह दृश्य देखकर भावुक हो उठे। श्रद्धा और विश्वास के साथ मां नर्मदा की परिक्रमा पर निकले वृद्ध की यात्रा उसी मार्ग पर थम गई, जहां वे नर्मदा नाम का जाप करते हुए आगे बढ़ रहे थे। डोलरिया थाना प्रभारी खुमान सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर लिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया जारी है।

#### प्रशासन परिक्रमावासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

जनपद सदस्य शेर सिंह ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है। बताया जा रहा है कि यह वही परिक्रमा मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों नर्मदा यात्री पैदल गुजरते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए श्रद्धालु इसी मार्ग से मां नर्मदा की परिक्रमा करते हुए आगे बढ़ते हैं। सुबह से देर रात तक इस मार्ग पर परिक्रमावासियों की निरंतर आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की मौजूदगी यात्रियों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है। इस बीच संस्कृति परिवार ने नर्मदा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

## 7 लाख 11 हजार 111 रुपए में लगी 'मेला नायक ध्वज' की बोली

### त्रि दिवसीय आयोजन में हुई चैत्यालय में स्थापित होने वाली सामग्री की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर जैन समाज का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा आयोजन शनिवार से प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिवस सोहागपुर चैत्यालय में लगने वाली सामग्री की बोली लगाई गई। जिसमें 'मेला नायक ध्वज' की बोली सोहागपुर के महेश कुमार अखिल कुमार जैन परिवार ने सात लाख 11 हजार 111 रुपए की लगाई है। समाज से अनिल कुमार जैन, विवेक जैन आदि ने बताया कि शनिवार को मेला नायक सहित अन्य 14 ध्वजों, पांच मंगल कलशों, तीन चौहरों तथा पांच छत्रों की नीलामी हुई है। जिसमें समाज के बंधुओ ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की। बोली से प्राप्त राशि का उपयोग सोहागपुर मेन जैन समाज के चैत्यालय के उद्धारार्थ किया जाएगा। शुक्रवार को दिनभर जैन समाज की ओर से विविध आयोजन हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जैन समाज द्वारा तीन दिवसीय श्री जिनवाणी जी का अस्थाप, घट यात्रा, कलशारोहण, श्री पालकी जी चल समारोह, वेदीसूतन, तिलक महा महोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन सोहागपुर में किया जा रहा है। जिसका समापन सोमवार को होगा। समाज की ओर से अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि शनिवार सुबह बसंत जी महाराज द्वारा चैत्यालय में स्थापित होने वाले समस्त ग्रंथों का पूजन कार्य संपन्न कराया है। आज पात्र भावना आयोजन किया जाएगा। सोमवार को आयोजन संपन्नता होगा।

### आज 60 जोड़े बोलेंगे निकाह कबूल है

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री निकाह सम्मेलन का आयोजन रविवार सुबह से न्यू मिल्लत वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग ओर नगर पालिका नर्मदापुरम के संयोजन से होगा। जिसमें 60 जोड़े निकाह की रस्म अदा करते हुए एक दूसरे को कबूल करेंगे। निकाह सम्मेलन शहर काजी अशफाक अली साहब की निगरानी में संपन्न होगा। प्रोग्राम भोपाल मार्ग स्थित श्रीकुंज गार्डन में होगा। समिति अध्यक्ष अलीम राइन ओर भाजपा के पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अमीन राइन ने बताया कि प्रोग्राम में नपा ओर जिला शासन ओर प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### स्कूटी और बुलेरो की टक्कर में 2 युवती सहित एक युवक घायल

**नर्मदापुरम।** तवा पुल ओर निमसाड़ियां के बीच मुख्य सड़क पर स्कूटी और बुलेरो की टक्कर में 2 युवती सहित एक युवक घायल होने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती किया जहां युवक की हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया। घटना 5 फरवरी की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह ओर उसकी सहेली रोहित अहिरवार के साथ स्कूटी से नर्मदापुरम से माखननगर रात में जा रहे थे।इस दौरान सामने से आ रही बुलेरो गाड़ी ने सामने से टक्कर मार दी टक्कर के बाद बुलेरो गाड़ी पलट गई। इस दौरान दोनों युवती ओर युवक को गंभीर अवस्था में नर्मदापुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने मामले में वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### लापरवाहीः महिला के टांके की चमड़ी गली

**नर्मदापुरम।**जिला चिकित्सालय में एक महिला अमृता पटेल का इलाज चल रहा था, लेकिन लापरवाही के चलते टांके के पास की चमड़ी गल गई और उन्हें इंफेक्शन हो गया। बताया जाता है कि 18 जनवरी को आपरेशन हुआ था।

### श्रद्धा, समर्पण और विश्वास का केंद्र पचमढ़ी मेला, शिवभक्ति में लीन...


## महादेव के जयकारों से गूंजी पचमढ़ी की वादियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

श्रद्धा, समर्पण और अटूट विश्वास का अनुपम संगम 'महादेव मेला' विधिवत प्रारंभ हो गया है। मप्र के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी की ऊंची पहाड़ियों पर विराजे भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहले ही दिन से भक्तों का तांता लगा हुआ है। विशेष रूप से चौरागढ़ मंदिर, जो लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, पूरी तरह शिवमय हो चुका है। भक्त हर बोला हर,हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा के दर्शनों के पहुंच रहे हैं।

#### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन मुस्तैद

कलेक्टर सोनिया मीना के कुशल निर्देशन में इस वर्ष मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। प्रशासन का मुख्य फोकस स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुगम आवागमन पर किया गया। श्रद्धालुओं को बीमारी से बचाने के लिए स्वास्थ्य कैंप संचालित है वहीं पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



**शुद्ध पेयजल की सौगातः** पीएचई विभाग द्वारा चौरागढ़ मंदिर परिसर में आधुनिक आरओ प्लांट स्थापित किया गया है।

जिसकी सहायता से भक्तों को शुद्ध जल मिल रहा है। इस पानी शुद्धता की विशेष जांच की जा रही है। पानी की शुद्धता से कोई समझौता न हो, इसके लिए प्रतिदिन टेस्टिंग हो रही है। वाटर फिल्टर प्लांट से जांच के बाद ही पाइपलाइन के जरिए पेयजल केंद्रों और शिखर तक सप्लाई भेजी जा रही है।

**किराया नियंत्रणः** श्रद्धालुओं की जेब पर अतिरिक्त भार न पड़े, इसके लिए पचमढ़ी से महादेव तक का टैक्सी किराया 50 रुपये निर्धारित कर दिया गया है। वहीं मेला क्षेत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवानों की भारी तैनाती की गई है। अधिकारियों की टीमें 24 घंटे व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। स्वास्थ्य शिविर और आपदा प्रबंधन की टीमें भी मुस्तैद हैं ताकि दुर्गम रास्तों पर श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता मिल सके। इस संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना का कहना है कि हमारा उद्देश्य है कि हर श्रद्धालु सुरक्षित और सुलभ तरीके से महादेव के दर्शन कर सके। विशेष रूप से पेयजल की शुद्धता के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## सूरजगंज के माहेश्वरी भवन के पास नाली में मिला युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी


हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के व्यस्ततम इलाके सूरजगंज स्थित माहेश्वरी भवन के समीप शनिवार को हड़कंप मच गया, जब एक गहरी नाली में एक अज्ञात युवक का शव देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया।

#### मृतक की हुई पहचान

पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच के बाद मृतक की शिनाख्त अजय (38 वर्ष), पिता ओमप्रकाश के रूप में हुई है। अजय शहर से सटे ग्राम साकेत का निवासी बताया जा रहा है। घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। युवक नाली में कैसे गिरा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है।

घटना के कारणों को लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस ने परिजनों से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक साकेत से इटारसी कब और किस काम से आया था। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।



## खबर संक्षेप

### सारनी व शोभापुर में आयोजित होगा नापतौल विभाग का शिविर

**सारनी।** सारनी एवं शोभापुर में नापतौल विभाग बैतूल द्वारा कांटा-तराजू एवं बाटों की जांच व सीलिंग के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में क्षेत्र के समस्त दुकानदारों को अपने-अपने कांटा, तराजू एवं बाट लाना अनिवार्य रहेगा। नापतौल अधिकारी बैतूल शैलेंद्र सिंह पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि सारनी में यह शिविर 9 एवं 10 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक मोहित ज्वेलर्स शॉपिंग सेंटर सारनी में आयोजित किया जाएगा। वहीं शोभापुर में नापतौल शिविर 11 एवं 12 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक जेरी चौक, शोभापुर में लगाया जाएगा। शिविर के दौरान दुकानों में उपयोग किए जा रहे कांटा-तराजू एवं बाटों की जांच कर नियमानुसार सील लगाई जाएगी। नापतौल विभाग ने सभी दुकानदारों से निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपने माप-तौल उपकरणों की जांच कराने की अपील की है।

### आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में किया जा रहा गर्भसंस्कार कार्यक्रम

**बैतूल।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रति मंगलवार एवं शुक्रवार नियमित रूप से गर्भसंस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार-विहार, योग, प्राणायाम, ध्यान, संगीत चिकित्सा तथा सकारात्मक जीवनशैली के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है। साथ ही गर्भावस्था के दौरान होने वाली सामान्य समस्याओं के आयुर्वेदिक समाधान भी बताए जाते हैं, ताकि माताएं गर्भकाल को स्वस्थ और संतुलित ढंग से पूरा कर सकें। जिला आयुष अधिकारी डॉ.योगेश चौकीकर ने बताया कि गर्भ संस्कार कार्यक्रम से गर्भस्थ शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायता मिलती है। इससे मां के तनाव, चिंता एवं अवसाद में कमी आती है तथा प्रसव पीड़ा को सहन करने की क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम शिशु के संस्कार, स्मरण शक्ति एवं बुद्धि विकास में सहयोग प्रदान करता है। इसके साथ ही मां और शिशु दोनों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है तथा सकारात्मक सोच एवं भावनात्मक संतुलन का विकास होता है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी द्वारा क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की गई है कि वे इस निःशुल्क कार्यक्रम का लाभ उठाएं और स्वस्थ मातृत्व की दिशा में आयुर्वेद की इस प्राचीन विधा को अपनाएं।

### एक दिवसीय अनुभव सांझा कार्यशाला आयोजित

**बैतूल।** सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ज़िला कार्यालय सहायक आयुक्त के सभागार में एक दिवसीय अनुभव सांझा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के ज़मीनी क्रियान्वयन, नवाचारों और बच्चों में आए संकेतात्मक बदलावों को साझा किया गया।कार्यशाला में सहायक आयुक्त विवेक पाण्डे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सहायक संचालक सुनील जैन और सक्षम कार्यक्रम से डिविजन मैनेजर गौतम कुमार विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बीआरसीसी, जन शिक्षक, प्रधान पाठक, प्राचार्य एवं विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक साथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त विवेक पाण्डे ने कहा कि सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम बच्चों को शैक्षणिक रूप से एवं व्यवहारिक जीवन के लिए तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम गत वर्ष से निरंतर संचालित है और शिक्षकों द्वारा पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ ज़मीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मेरी सीख की कॉपी, सक्षम वॉल पेंटिंग, बच्चों की नियमित उपस्थिति, बाल कैबिनेट की सक्रिय भूमिका तथा गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी की भावना और जीवन कौशल विकसित हुआ है। कार्यशाला के दौरान सक्षम गैलरी वॉक का आयोजन किया गया।

---

जमीन आवंटित नहीं, समय-सीमा बीती तो शायद ही मिल पाएगी शहरवासियों को सौगात

# गीता भवन निर्माण की प्रक्रिया कागजों तक है सीमित!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री मोहन यादव की विशेष मंशा है कि प्रदेश के हर छोटे-बड़े शहर में गीता भवन बनाए जाएं। इसके लिए योजना बना कर राशि भी जारी कर दी गई है। इसके बावजूद बैतूल में अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर खास प्रोग्रेस नहीं हो सकी है। दरअसल गीता भवन निर्माण को जिला मुख्यालय पर प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है।

नगरपालिका ने गीता भवन बनाने के लिए जमीन तो चिन्हित कर ली है, किन्तु यह जमीन नगरपालिका को अभी तक नहीं मिल पाई है। जिसके कारण यह पूरा प्रोजेक्ट कागजों में ही अटका हुआ है। वहीं दूसरी ओर कई शहरों में निर्माण कार्य कब से शुरू हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि इंदौर में तो गीता भवन का लोकार्पण तक हो चुका है। वहीं बैतूल नगरपालिका से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि गीता भवन बनाने के लिए अभी जमीन नहीं मिली है। कलेक्टर कार्यालय में जमीन को लेकर प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही नगरपालिका को जमीन मिल जायेगी, गीता भवन निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। बताया जा रहा है कि गीता भवन में लायब्रेरी, सेमिनार, सांस्कृतिक और धार्मिक सभी प्रकार की गतिविधियां संचालित होंगी। ये गीता भवन सभी प्रकार के विचार विमर्श के केंद्र बनेंगे।




#### सर्वसुविधायुक्त होगा गीता भवन

गीता भवन में एक पुस्तकालय के अलावा रीडिंग रूम की व्यवस्था होगी। गीता भवन में ई-लायब्रेरी कक्ष की व्यवस्था भी प्रस्तावित की गई है। गीता भवन में साहित्य सामग्री विक्री केन्द्र भी प्रस्तावित किया गया है। गीता भवन में कैफेटेरिया-स्वल्पाहार गृह की सुविधा भी विकसित की जा सकेगी। गीता भवनों में ऑडिटोरियम का भी प्रावधान रखा गया है। ऑडिटोरियम में नगरीय निकायों की आबादी के मान से सभागार की बैठक क्षमता निर्धारित रहेगी। बताया जा रहा है कि गीता भवन में चार पहिया और दो पहिया की सुलभ पॉकिंग व्यवस्था का भी प्रावधान रखा गया है। गीता भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर किया जायेगा, जहाँ नागरिकों की पहुँच आसान हो। गीता भवनों को संचालनालय द्वारा स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्मित किये जाना है।

#### बैतूल में बनेगा 500 लोगों की क्षमता वाला गीता भवन

बताया जा रहा है कि राज्य शासन की गाइड लाइन के अनुसार बैतूल शहर में 500 लोगों की क्षमता के गीता भवन का निर्माण होना है। इस संबंध में शासन ने दिसंबर 2024 में ही आदेश जारी कर दिए थे, लेकिन बैतूल में अभी तक इसके लिए जमीन ही फाइनल नहीं हो सकी है। ऐसे में शासन द्वारा तय की गई 3 साल की समय सीमा में गीता भवन का निर्माण नहीं हुआ तो शायद ही बैतूल वासियों को गीता भवन की सौगात मिल सकेगी। हालांकि नगरपालिका ने गीता भवन निर्माण के लिए जमीन तो चिन्हित कर ली है और टीएनसीपी से एनओसी भी मिल गई है। बस कलेक्टर कार्यालय से जमीन का इश्यू फाइनल होना बाकी है। जमीन का विधिवत आवंटन हो जाने के बाद गीता भवन की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। गीता भवन का निर्माण होने से शहरवासियों को पुस्तकालय, रीडिंग रूम, ई-लाइब्रेरी सहित अन्य कई सुविधाएं मिल सकेगी।

#### राय साहब के बगीचे के पास वाली मांगी जमीन

नगरपालिका ने गीता भवन का निर्माण करने के लिए मोती वार्ड में राय साहब के बगीचे के पास वाली 0.559 हेक्टेयर जमीन की मांग की है। इस जमीन के लिए पहले टीएनसीपी ने सडक़ चौड़ीकरण को लेकर आपत्ति लगा दी थी। टीएनसीपी का कहना था कि भविष्य में यहां 36 मीटर चौड़ी रोड बनना है। इसलिए यह जमीन नहीं दी जा सकती। हालाकि वहां सडक़ के लिए जगह छोडऩे के बाद भी पर्याप्त जमीन उपलब्ध थी। इसलिए नगर पालिका ने दोबारा इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया। टीएनसीपी ने सडक़ के लिए दोनों ओर 18-18 मीटर जगह छोडक़र जमीन दे दिए जाने पर सहमति जता दी। एनओसी मिलने के बाद अब जमीन आवंटन के लिए प्रकरण को एसडीएम बैतूल को भिजवाया गया है।

#### जमीन नहीं मिल पाई है

कलेक्टर कार्यालय से अभी जमीन नहीं मिल पाई है। प्रक्रिया प्रचलन में है। गीता भवन के लिए राय साहब का बगीचा वाली जमीन मांगी गई है। टीएनसीपी से जो दिक्कते थे, वह भी क्लियर करवा ली है।

- सतीश मटसेनिया
सीएमओ, नपा बैतूल

---

दंगा नियंत्रण के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण

## पथराव से लेकर आंसू गैस और फायरिंग तक का किया अभ्यास



**बैतूल।** पुलिस परेड ग्राउंड में शनिवार को पुलिस ने बलवा और गैरकानूनी जमाव, हिंसा और असामाजिक तत्वों से निपटने की तैयारी के तहत मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में बलवा जैसी वास्तविक स्थिति तैयार की गई, जिसमें पुलिस कर्मियों के दो दल बनाए गए एक पुलिस बल की भूमिका में रहा, जबकि दूसरा बलवाइयों के रूप में उतरा। शुरुआत में मैजिस्ट्रेट की भूमिका निभा रहे अधिकारियों ने बलवाइयों से उनकी मांगों पर चर्चा की, लेकिन जब वे नहीं माने और पथराव शुरू किया, तो पहले उन्हें चेतावनी दी गई। इसके बाद वाटर कैनन से पानी की बौछार कर भीड़ को हटाने का प्रयास किया गया। जब स्थिति और बिगड़ी, तो लाठीचार्ज किया गया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और अंत में गोली चलाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। गोली चलने के दौरान एक बलवाई के घायल होने का सीन तैयार किया गया, जिसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजने की मॉक कार्रवाई भी की गई। इस दौरान एसपी वीरेंद्र जैन, एएसपी कमला जोशी, एसडीओपी सुनील लाटा, कोतवाली टीआई देवकरण डहरिया, गंज थाना टीआई नीरज पाल सहित कई थानों के प्रभारी, पुलिसकर्मी और महिला आरक्षक मौजूद रहे। मजिस्ट्रेट की भूमिका डीएसपी मार्को ने निभाई, जबकि बलवाइयों का नेतृत्व ट्रैफिक इंचार्ज गजेंद्र केन ने किया। मॉक ड्रिल में पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोटेक्शन किट भी पहनाई गई, हालांकि यह किट उनके लिए कुछ असुविधाजनक नजर आई। बैतूल जिले में बीते कुछ माह में हुई सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं को देखते हुए इस मॉक ड्रिल को सुरक्षा दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## चाकू बाजी के मुख्य आरोपी विधि विवादित बालक व उसके भाई को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने चाकू बाजी के मुख्य आरोपी विधि विवादित बालक व उसके भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को फरियादी घायल शेख ईमरान पिता शेख मोहम्मद इकबाल (40) नि. तिलक वार्ड टिकारी ने थाना कोतवाली बैतूल ने रिपोर्ट किया कि दोपहर करीबन 3 बजे लल्ली चौक पर पप्पू के पान ठेला पर खड़ा था, वहां पर सईद बाबा ने मुझसे दारु पीने के लिए पैसे मांगे तो मैंने पैसे देने से मना कर दिया। सईद बाबा मुझसे गाली गुफ्तार करने लगा। मै वहां से घर जाने के लिए निकल गया। करीबन 3.30 बजे तिलक वार्ड नम्मू किराना दुकान के पास पहुंचा था कि सईद बाबा उसके लडक़े अनस और रूबेल के साथ आया और मुझे सामने से रोककर बोला आज इसे खतम कर दो और सईद बाबा व उसके छोटे लडके रूबेल ने मुझे पकडा तथा अनस ने मुझे पेट में चाकू मारा और तीनों वहां से भाग गए। सईद बाबा और उसके दोनों लडके अनस व रूबेल ने जान से खत्म करने के नियत से मुझ पर चाकू से पेट पर हमला किये है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 109(1),126(2),3(5) बीएनएस का मामला दर्ज किया। प्रकरण की विवेचना के दौरान विधि विवादित मुख्य बालक एवं विधि विवादित मुख्य बालक का भाई विधि विवादित को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से एक लोहे का धारदार छुरा बरामद कर न्यायालय पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उनि बसंत अहके, प्र.आर. दीपक कटियार, आर. उज्जवल दुबे, आर. अनिल बेलवंशी, की सराहनीय रही है।

---

संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## गृह भाड़ा बजट नहीं होने से शिक्षकों का वेतन रुका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुरानी पेंशन बदली राष्ट्रीय आंदोलन संगठन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्राथमिक शिक्षक एवं सहायक शिक्षक का माह जनवरी 2026 का वेतन नहीं होने और वर्ष 2013 से कार्यरत संविदा शिक्षकों को प्रथम क्रमोन्नति का लाभ दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षा विभाग में गृह भाड़ा मद की राशि का बजट उपलब्ध नहीं होने के कारण प्राथमिक शिक्षा एवं सहायक शिक्षकों का जनवरी 2026 का वेतन आहरित नहीं हो सका है, जिससे शिक्षकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2013 से संविदा शिक्षकों को प्राप्त क्रमोन्नति का लाभ अब तक नहीं दिया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से प्रदान किया जाना चाहिए। संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया कि जनवरी माह के वेतन के लिए संबंधित बीसीओ से संपर्क कर आवश्यक आवंटन उपलब्ध करवाने हेतु लोक शिक्षण संचालनालय शिक्षा बजट विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने गृह भाड़ा मद में आवंटन नहीं होने की स्थिति स्वीकार करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय शिक्षा बजट विभाग में चर्चा किए जाने और शीघ्र आवंटन रिलीज कराकर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की कार्रवाई शुरू किए जाने की जानकारी दी। ज्ञापन सौंपने में रवि सरनेकर जिला अध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन बैतूल तथा आदर्श शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी की प्रमुख भूमिका रही।

## केंद्रीय बजट को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने की व्यापारियों से चर्चा



**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सारनी के द्वारा शॉपिंग सेंटर स्थित बाबा साहेब अंबेडकर जी के सामने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक चौपाल सभा का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व में किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवी नागरिक व्यापारीगण शामिल हुए। आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार स्कूलों में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है।

क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभायेगी जिला महामंत्री एवं बजट प्रचार समिति के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब युवा नारीशक्ति और अन्नादाता के साथ मध्यम वर्ग उद्यमियों एवं हर वर्ग के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए है यहां विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डाक्यूमेंट है। नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। व्यापारी सशक्तिकरण के लिए भी कई योजनाएं है भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश के लिए आर्थिक विकास के नए द्वार खोलता है। कार्यक्रम में आए हुए सभी व्यापारियों गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त गोलू राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री विनय मदने नन्हें सिंह विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, जगदीश आहुजा, रूपेंद्र चौहान, भीम बहादुर थापा, जीपी सिंह, देवेंद्र सोनी, व्यापारी संघ अध्यक्ष अरविंद सोनी, श्याम सुंदर ओझा, देशराज सलूजा, ददन सिंह राणा,बिट्टू सरदार सहित अन्य व्यापारीगण नागरिकगण कार्यकर्तागण पार्षदगण इस अवसर पर उपस्थित थे।

युवाओं ने परंपरागत खेलों में दिखाए अपने हुनर

## खेल बीमारियों को दूर रखने का रामबाण इलाजः सुखदेव गुजरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम चिचोली ब्लॉक के ग्राम चिरापाटला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम समाजसेवी राजेंद्र यादव, सरपंच रामपाल भलावी चिरापाटला, सुखदेव गुजरे के आतिथ्य में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर राजेंद्र यादव ने कहा कि भारत सरकार मेरा युवा भारत द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसमें बहुत सारी प्रतिभाओं की एक पहचान हो रही है कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेल जगत में भी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा रहें हैं। सरपंच रामपाल भलावी ने कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है केवल हम उन्हें एक मंच प्रदान करने के क्षेत्र की पहल करें। सुखदेव गुजरे ने बताया कि इन प्राचीन खेलों के माध्यम से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं, खेल बीमारियों को दूर रखने में यह एक रामबाण है।



धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा हमारे प्राचीन खेल जैसे, कबड्डी, रस्सा खींच, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ ,इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे ग्रामीण अंचल में छिपी हुई प्रतिभा को अवसर मिल सके। कार्यक्रम का संचालन तनुश्री सोनी ने व आभार संजना धुर्वे ने व्यक्त किया। कबड्डी में प्रथम टाडर युवा मंडल स्थान, द्वितीय झिरियाढोह, गोला फेंक में सतीश प्रथम, द्वितीय सुनील, बालिका वर्ग में प्रथम तनु धुर्वे, द्वितीय विद्या, बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम संजना द्वितीय दीपिका, तृतीय सलोनी, 200 मीटर दौड़ में प्रथम अलकेश, व द्वितीय मुकेश, रस्सा खींच में प्रथम सुरेखा टीम व द्वितीय दुर्गा महिला मंडल ने प्राप्त किया। सभी विजेता उपविजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह वह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया किया। इस अवसर पर गणपत धुर्वे, निलेश मोरले, दिनेश इरपाचे, संतोष सेलुकर, विजय मर्सकोले, आरिफ खान, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

---

बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स की जर्जर हालत पर भी उठे सवाल

# बिना नोटिस दुकानों की तालाबंदी पर कांग्रेस पार्षदों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगरपालिका द्वारा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स की दुकानों से वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस पार्षदों ने नगरपालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर व्यापारियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने तथा बिना पूर्व सूचना दिए दुकानों पर तालाबंदी करने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। शनिवार को नगरपालिका उपाध्यक्ष शिवकुमार माहौरे, पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे एवं पार्षद निर्मला उबनारे ने बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने कॉम्प्लेक्स की जर्जर स्थिति तथा नगरपालिका अधिकारियों के कथित दुर्व्यवहार की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। व्यापारी तुषार उदासी ने बताया कि उनकी दुकान पर केवल वर्तमान वर्ष का किराया शेष है, जिसे वे हर वर्ष के अंत में एकमुश्त जमा करते हैं। इसके बावजूद शुक्रवार को बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी दुकान पर नगरपालिका अधिकारियों द्वारा ताला लगा दिया गया, जिससे उन्हें मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ा।

#### जर्जर कॉम्प्लेक्स से दुर्घटना की आशंका

व्यापारी मयंक पाठक, कृष्णा पंडागरे, भवानी शंकर पटेल सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स के कई हिस्से जर्जर अवस्था में हैं। समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में किसी भी बड़ी दुर्घटना से जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी वसूली के नाम पर व्यापारियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर रहे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। नगरपालिका उपाध्यक्ष शिवकुमार माहौरे ने कहा कि बिना किसी पूर्व नोटिस के दुकानों पर तालाबंदी की कार्रवाई पूरी तरह गलत है। कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधि इस तरह की कार्रवाई का विरोध करेंगे और व्यापारियों के हित में आवाज उठाएंगे।



#### किराया बढ़ाया, सुविधाएं शून्य : उबनारे

पार्षद निर्मला उबनारे ने कहा कि नपा द्वारा दुकानों का किराया मनमाने तरीके से बढ़ा दिया गया है, लेकिन इसके अनुरूप न तो कॉम्प्लेक्स की मरम्मत कराई जा रही है और न ही व्यापारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। परिषद बैठक में होगा विरोध प्रदर्शन कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने बताया कि 13 फरवरी को होने वाली नपा परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में बिना नोटिस दुकानों पर तालाबंदी करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई, दुकानों का किराया कम करने तथा कॉम्प्लेक्स की शीघ्र मरम्मत की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस जनप्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस नेता रितेश शर्मा, आशीष सोनी, गोल्डी अग्रवाल सहित बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स के कई व्यापारी उपस्थित रहे।

#### इनका कहना है

नगर निकाय की वित्तीय स्थिति खराब है कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है । किराए की दुकानों का प्रतिमाह किराया जमा करने का प्रावधान है जिन लोगों ने तीन-तीन वर्षों तक किराया जमा नहीं किया उन्हें नोटिस क्यों दिया जाना चाहिए । राजनीति अलग है और संस्था की जरूरत अलग ,कर की वसूली नहीं होगी तो विकास कार्य कैसे होंगे।

- वीरेंद्र तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई

## खबर संक्षेप

### इंटकवेल में बिजली उपकरण हुए खराब

**सोहागपुर।** नर्मदा जल का वितरण ईशरपुर घाट से जल परिवहन कर किया जाता है। लेकिन ईशरपुर नर्मदा घाट पर बने इंटकवेल के बिजली उपकरण खराब हो गए हैं। जिसके चलते शनिवार को सोहागपुर शहर में नर्मदा जल का वितरण नहीं हो सका है। सोहागपुर नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर से उक्त संबंध में जब हरिभूमि ने चर्चा की तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि ईशरपुर इंटकवेल के बिजली उपकरणों में खराबी आ गई है। जिन्हें शनिवार को दिनभर में सुधारा गया है। और इसी कारण से शनिवार को मॉर्निंग तथा इवनिंग शिफ्ट में नर्मदा जल का वितरण नहीं हो पाया। नागरिकों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि नर्मदा जल वितरण ठेका कंपनी आधा दशक बीतने के बाद भी सही तरीके से काम करना नहीं सीख पाई है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रारंभ

**इटारसी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के इच्छुक किसानों के लिए राहत भरी खबर है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार, जिले में 7 फरवरी से पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 7 मार्च तक चलेगा। किसान ग्राम पंचायत, जनपद, तहसील कार्यालयों और सहकारी समितियों पर जाकर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा ई-उपार्जन पोर्टल और एमपी किसान एप्प के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी दी गई है। किसी भी असुविधा के लिए केंद्रों पर तकनीकी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### स्टेशन पर लूटपाट, यात्री पर चाकू से हमला



**इटारसी।** रेलवे स्टेशन परिसर के पुराने साइकिल स्टैंड स्थित मंदिर के पास अज्ञात युवकों ने एक यात्री पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल यात्री जमीन पर पड़ा रहा। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उसका मोबाइल फोन और नकदी लूट ली। घटना केबाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना रेल पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित ने अज्ञात युवकों पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है।

## सुझाव-सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ हो मेले का समापन

# जन इच्छाः अब तीन नहीं बल्कि 5 दिवसीय हो महाशिवरात्रि मेला

आगामी त्योहारों को देखते हुए शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मेले को पांच दिवसीय करने के सुझाव दिए गए। इसके साथ मेला स्थल पर जल आपूर्ति और व्यवस्थाएं देखी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में नर्मदापुरम मार्ग स्थित प्राचीन शिव पार्वती पाषाण प्रतिमा मंदिर परिसर में महशिवरात्रि पर मेला लगता है। इस वर्ष के मेले को लेकर नगर शांति समिति की एक बैठक शनिवार सुबह थाने में की गई। जिसमें नागरिकों ने पांच दिवसीय मेला आयोजन का सुझाव दिया है।

### जनता के सुझाव

अधिवक्ता प्रांजल तिवारी ने सुझाव दिया कि मेले को पांच दिवसीय किया जाए। उन्होंने कहा कि मेले का समापन रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ हो, जैसे कि अन्य क्षेत्रों में मेलों में होता है। संतोष सराठे ने सुझाव दिया कि मेला आयोजन में मध्य प्रदेश शासन की सहायता ली जाए, ताकि मेले का स्वरूप और वृहद हो। पूर्व नप अध्यक्ष संतोष मालवीय के अनुसार चूंकि नप मेले की समूची व्यवस्था देखती है, अतः आय-व्यय का ब्यौरा मेला उपरांत सार्वजनिक किया जाए। अन्य उपस्थितजनों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए।

### आ-जा सके फायरब्रिगेड व एंबुलेंस-एसडीएम

बैठक उपरांत अधिकारियों, नप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली कंपनी अधिकारियों व नपकर्मियों को एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने निर्देश दिए कि मेले में विद्युत वितरण लाइन से दूर झूले लगवाएं। दुकानों की दो पंक्तियों के बीच रास्ते चौड़े हों, ताकि आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस आसानी से आ-जा सकें। एंबुलेंस तथा फायर ब्रिगेड के मेला परिसर में प्रवेश की मॉक ड्रिल के निर्देश भी दिए गए हैं। नागरिकों ने बताया कि हजारों ग्रामीण मेले में रामगंज व सरदार वार्ड क्षेत्रों के रास्तों से आते हैं। अतः इन रास्तों से कबाड़ का अतिक्रमण हटाया जाए।

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने नप उपयंत्री व पुलिस को निर्देश दिए कि मेला परिसर तक आने के शहर के सभी अंदरूनी रास्ते खोले जाएं। कहीं भी अतिक्रमण हो तो पुलिस बल के सहयोग से सख्ती से हटाएं। मेला परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने, वृहद कंट्रोल रूम बनाने तथा पार्किंग स्थल को मेला परिसर से दोनों ओर दूर बनाने के निर्देश भी एसडीएम ने दिए हैं। उचित पेयजल व बिजली व्यवस्था के निर्देश भी संबंधितों को एसडीएम द्वारा दिये गए हैं। बैठक में एसडीएम प्रियंका भल्लावी, एसडीओपी संजू चौहान, बीएमओ डॉ. रेखा गौर, तहसीलदार आरके झरबड़े, टीआई ऊषा मरावी, नप उपयंत्री बी खानोरकर, नप राजस्व अधिकारी संजय परसाई उपस्थित थे। वहीं नगर शांति समिति से कन्नूलाल अग्रवाल, पं. प्रकाश मुद्गल, नपाध्यक्ष लता पटेल, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष मालवीय, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, कृष्णा पालीवाल, जयप्रकाश माहेश्वरी, गजेंद्र सिंह चौधरी, राकेश चौधरी, शिरीष तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, संतोष सराठे, प्रांजल तिवारी, अखिलेश मालवीय, पार्षद राकेश चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# किसानों को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूँ के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए पंजीयन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। इस क्रम में जिले की विभिन्न तहसीलों में कुल 132 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ किसान अपनी गेहूँ फसल का पंजीयन करवा सकेंगे। पंजीयन प्रक्रिया सहकारी समितियों, विपणन संस्थाओं, लोक सेवा केन्द्रों, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे के माध्यम से सशुल्क और निःशुल्क दोनों प्रकार से उपलब्ध कराई जाएगी। सभी किसानों को यह ध्यान रखना होगा कि वे पंजीयन प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से पूरा करें, ताकि वे समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय कर सकें।

**पंजीयन केन्द्रों का विवरण**

| | |
|---|---|
| डोलरिया : | 13 |
| इटारसी : | 15 |
| पिपरिया : | 11 |
| बनखेडी : | 15 |
| बाबई : | 17 |
| सिवनीमालवा : | 32 |
| सोहागपुर : | 19 |
| नर्मदापुरम ग्रामीण : | 09 |
| नर्मदापुरम नगर : | 01 |

### पंजीयन प्रक्रिया और वेरिफिकेशन

किसान को पंजीयन के दौरान आधार नंबर का वेरिफिकेशन करना अनिवार्य होगा, जिसे ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस से सत्यापित किया जाएगा।

**पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज़**

- भूमि स्वामी
- ऋण पुस्तिका की प्रति (एग्रीटेक आईडी सहित)
- आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर
- समग्र आईडीबैंक पासबुक (एनपीसीआई और आधार से लिंक बैंक खाता)
- अन्य फोटो पहचान पत्र
- सिकमी/बटाईदार
- सिकमी अनुबंध (भूमि स्वामी की ऋण पुस्तिका के साथ) आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर

समग्र आईडी

बैंक पासबुक (एनपीसीआई और आधार से लिंक बैंक खाता)

अन्य पहचान पत्र

सिकमी अनुबंध को ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

# शिक्षकों के प्रशिक्षण का सफल आयोजन

## उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

किशोर बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के उद्देश्य से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम संचालित हो रहा है। किशोर बच्चों को उनकी समस्याओं की पहचान कराना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उनका सर्वांगीण विकास करना कार्यक्रम का उद्देश्य है। वर्तमान में उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूल में चलाया जा रहा है। इसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए माध्यमिक शाला में भी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस कार्यक्रम में सरकारी स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पहले चरण में नर्मदापुरम तथा माखन नगर के शिक्षक शामिल हुए। इसमें दोनों ब्लॉक की प्रत्येक सरकारी स्कूल से माध्यमिक कक्षा के शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले सप्ताह भी जारी रहेगा। जिसके माध्यम से जिले के सभी माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों को हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसेडर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

उमंग है तो जिंदगी में रंग है जैसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह शिक्षक अपने विद्यालय के किशोर बच्चों को उनका सर्वांगीण विकास करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षकों ने कक्षावार जीवन कौशल शिक्षा संबंधी मॉड्यूल के आधार पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान राजेंद्र कुमार ठाकुर डीआरजी पिपरिया, सोनू जैन डीआरजी सिवनी मालवा, हेमंत पटेल डीआरजी बनखेड़ी, नर्मदापुरम से कला मीणा, जितेंद्र शर्मा ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई।

### पशुपतिनाथ मंदिर में आज से शिव महापुराण



**इटारसी।** पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आज रविवार से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में राष्ट्रीय कथा वाचिका और नर्मदा भक्ति पंथ परिवार की अध्यक्ष देवी रत्नमणि द्विवेदी अपने मुखारविंद से शिव महिमा का बखान करेंगी। आयोजन की शुरुआत रविवार प्रातः 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। ढोल-धमाकों और भजनों के साथ निकलने वाली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में विधि-विधान से कथा स्थल का शुद्धिकरण और पूजन किया जाएगा। आचार्य रजनीश ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन प्रातः काल आबाहित देवताओं का विधिवत पूजन और अभिषेक संपन्न होगा। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक देवी रत्नमणि द्विवेदी द्वारा शिव महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। 15 तारीख को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कथा की पूर्णाहुति होगी।

# नरसिंहपुर से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेने के लिए सोहागपुर आया कृषक दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कृषि विभाग नरसिंहपुर के प्रगतिशील कृषक व कृषि सखी दल ने गत दिवस सोहागपुर में प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण उन्नत कृषक सुभाष पटेल द्वारा दिया गया है। प्राकृतिक खेती के ख्यात प्रशिक्षक सुभाष पटेल ने विशेष चर्चा में हरिभूमि को बताया कि प्रशिक्षण सह भ्रमण का कार्यक्रम मनोहर कृषि फार्म जमनी सरोवर सोहागपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम कृषि विभाग अधिकारी शिल्पी नेमा व लवकुश पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ सुभाष पटेल ने किसानों को




प्राकृतिक खेती की अवधारणा, लाभ एवं व्यावहारिक तरीकों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान फसल प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरता, देशी संसाधनों के उपयोग एवं रसायन मुक्त खेती पर विशेष जोर दिया गया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को खेत पर किए जा रहे प्राकृतिक प्रयोगों का अवलोकन कराया गया। जिससे कृषकों में प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता एवं उत्साह देखने को मिला। उपस्थित कृषकों एवं कृषि सखियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

# एमएसएमई ऋण आउटरीच शिविर में मौके पर ही स्वीकृत किए 170 करोड़ के ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग एमएसएमई के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को सांई कृष्णा रिसोर्ट में एमएसएमई ऋण मेगा आउटरीच शिविर कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने 130 से अधिक हितग्राहियों को 170 करोड़ के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच देश के युवा, महिला वर्ग से लेकर पात्र वृद्ध सभी को आत्मनिर्भर बनाने की है। ग्राहकों की ऋण संबंधी समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से मेगा ऋण आउटरीच शिविर में समाज के गरीब तबके से लेकर बड़े उद्यमियों तक बैंकिंग योजनाओं को जानकारी के साथ उन्हें ऋण देकर आर्थिक रुप से सबल बनाने का काम सेंट्रल बैंक



आफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया है। उन्होंने बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया।

वहीं केंद्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि डीजीएम जयशंकर प्रसाद ने कहा कि देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई और बैंक ने भूमिका निभाई है। इस तरह के आयोजन से वित्तीय सहायता तक पहुंच आसान होती है। उन्होंने आपकी पूंजी-आपका अधिकारी, घर वापसी और स्वागतम जैसी योजनाओं के साथ-साथ मुद्रा, जीएसटी आधारित ऋण, और होटल सेक्टर के लिए विशेष वित्तीय प्रावधानों की जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा ने कहा कि बैंक अब क्लस्टर आधारित पहुंच पर विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि क्षेत्र के विशिष्ट व्यापारिक समूहों, विशेषकर पर्यटन और हास्पिटैलिटी सेक्टर को उनकी जरूरतों के अनुसार सरल और त्वरित बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

# शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में शनिवार को मानक क्लब द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय पैकेज बंद पेयजल था। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि मानक क्लब का उद्देश्य छात्राओं को मानकों के प्रति जागरूक करना और उनके सर्वांगीण विकास में योगदान देना है।

यह क्लब पिछले तीन वर्षों से मानक ब्यूरो भोपाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। क्लब की मेंटर डॉ. वैशाली लाल के नेतृत्व में यह गतिविधियाँ लगातार आयोजित की जाती हैं।इस प्रतियोगिता के पहले, मानक ब्यूरो




भोपाल के प्रतिनिधि श्रीधर पांडे ने गूगल मीट के माध्यम से छात्राओं को मानक लेखन प्रतियोगिता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने बीआईएस अधिनियम 2016 और पैकेज बंद पेयजल, प्रेशर कुकर, और हेलमेट के मानकीकरण के नियमों और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।मानक लेखन प्रतियोगिता में कु. श्रिया मनीष और कु. ख्याति यादव ने प्रथम स्थान, कु. श्रद्धा शर्मा और कु. रेहनुमा अंसारी ने द्वितीय स्थान, कु. प्रियांशी राजपूत और कु. हर्षिता मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार के तौर पर कु. रिशीका छाबड़े और सुहानी मालवीय को सम्मानित किया गया।सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 1000, 750, 500 और 250 रुपये की नगद राशि तथा प्रमाण पत्र महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा प्रदान किए गए। इस मौके पर मानक क्लब के सदस्य आभा वाधवा, शुभम भद्रे, देवेन्द्र सैनी, डॉ. मनीष चंद्रचौधरी एवं अन्य छात्राएँ उपस्थित थीं।

# कथक नृत्य, लोकनृत्य, गायन कार्यशाला का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के रैपर्टरी अनुदान अंतर्गत कथक नृत्य, लोकनृत्य एवं गायन की पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला का आयोजन साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति, नर्मदापुरम द्वारा किया गया है। कार्यशाला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य कथक के साथ-साथ हस्त मुद्राएँ, भाव-भंगिमाएँ एवं अभिव्यक्ति की विधिवत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही लोकनृत्य एवं गायन के विभिन्न पक्षों पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर हेतु त्रिदेवाशीष नृत्य एवं नाट्य एकेडमी, लखनऊ से आमंत्रित प्रशिक्षक तनुजा ओली सनवाल, नीलम जोशी एवं निकिता गोस्वामी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।विंध्यवासिनी हायर सेकेंडरी स्कूल, मालाखेड़ी, नर्मदापुरम के सहयोग से विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, गायन एवं अभिनय के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है।कार्यक्रम में संस्था सचिव रत्नेश साहू, विद्यालय की डायरेक्टर/प्राचार्य डॉ. मधुबाला वर्मा, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## एएसआई की सेवाओं को मिला राष्ट्रीय सम्मान

# प्रदीप को मिलेगा केंद्रीय गृह मंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी के लिए गौरव का क्षण है। यहाँ के स्थानीय निवासी और पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार पाराशर को उनकी अनुकरणीय, निष्ठावान और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'केंद्रीय गृह मंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक' से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



### कर्तव्यनिष्ठा का मिला फल

पुलिस विभाग में अपने लंबे और बेदाग सेवाकाल के दौरान पाराशर ने हमेशा ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। विभाग के प्रति उनके इसी समर्पण को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें इस पदक के लिए चुना है। यह सम्मान न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समूचे नगर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### संस्कार और अनुशासन की जीत

पाराशर की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और पारिवारिक मूल्यों का बड़ा हाथ है। वे वन विभाग के पूर्व कर्मचारी चंद्रभान पाराशर के सुपुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कॉलेज तक की पढ़ाई पचमढ़ी की वादियों में ही हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिता से मिले अनुशासन और संस्कारों ने ही उन्हें आज इस मुकाम तक पहुँचाया है।

### शुभकामनाओं का तांता

इस उपलब्धि की घोषणा के बाद से ही नगरवासियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत मुलाकातों तक, हर कोई उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है। इस अवसर पर नगरवासी ने बताया कि प्रदीप पाराशर की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है कि मेहनत और ईमानदारी से काम करने पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है।

# इंडियन आइकन अवॉर्ड 2026 से नवाजे गए डॉ. अमजद खान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर ज्ञान उदय फाउंडेशन राजस्थान द्वारा नर्मदापुरम जिले के विकासखंड माखन नगर के शिक्षक और साहित्यकार डॉ अमजद खान को इंडियन आइकन अवॉर्ड 2026 से नवाजा गया।

सात कैटेगरी में दिया जाने वाला यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा और समाज के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया गया। विभिन्न समुदाय के लोगों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें अच्छी शिक्षा देने और विशेषकर लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने कई सराहनीय कार्य किए हैं। साथ ही उनकी उपलब्धियों ने समाज को आत्मनिर्भरता और परिवर्तन की एक नई राह दिखाई है। ज्ञान उदय फाउंडेशन राजस्थान द्वारा उनकी सकारात्मक उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त कर,फाउंडेशन ने उन्हें इंडियन आइकन अवॉर्ड 2026 से नवाजा है। इस उपलब्धि पर उन्हें फाउंडेशन के डॉयरेक्टर नागेश ने बधाई दी है। साथ ही उनके मित्रो, परिजनों और विभिन्न समुदाय के लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है




**आम इश्तहार**

आम जनता को इस इश्तहार मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रशेखर अग्रवाल आ. स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल निवासी 7वी लाईन इटारसी तह. इटारसी जिला नर्मदापुरम द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र वास्ते स्वामित्व के अनुसार प्रथक प्रथक खाते किये जाने एवं मेंटनेन्स खसरे में सुधार किये जाने का प्रस्तुत किया जाकर अवगत कराया कि आवेदक तथा अनावेदक के संयुक्त नाम से नजूल अभिलेखों में नजूल शीट नं 17 प्लाट नं 67 कुल रकबा 1320 व.फु. दर्ज चला आ रहा है जिसमें आवेदक एवं अनावेदक का बराबर-बराबर 1/2-1/2 हिस्सा है। आवेदक एवं अनावेदक के माध्य उक्त वर्णित संपत्ति को लेकर मतभेद होने के कारण आवेदक द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय इटारसी में दावा पेश किया था और उपरोक्त दावे में माननीय व्यवहार न्यायालय द्वारा दिनांक 13/12/2025 को निर्णय व्यवहार क्रमांक आर.सी.एस.ए.-102/25 में पारित किया गया है। आवेदक माननीय व्यवहार न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 13/12/2025 के अनुसार अपना नाम राजस्व अभिलेख में पृथक रूप से दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदक द्वारा न्यायालय की डिक्री आदेश अनुसार आवेदक का नाम 660 व.फु.एवं अनावेदक का नाम 660 व.फु.पर प्रथक प्रथक दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। अतः आवेदक पक्ष के उपरोक्त दर्शित आवेदन पत्र अनुसार नामांतरण की कार्यवाही किये जाने में किसी व्यक्ति/व्यक्तिो को यदि कोई आपत्ति होवे तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में जारी इश्तहार दिनॉक के 07 दिवस के अन्दर स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त सभी आपत्तियों अमान्य की जावेगी।

इश्तहार आज दिनॉक/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी
इटारसी**

## जैविक हाट बाजार और फसलों का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

# हाट बाजार परिसर और आसपास की स्वच्छता को लेकर विशेष निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत हरदा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को नेहरू स्टेडियम के समीप संचालित जैविक हाट बाजार एवं विकास खंड टिमरनी के जैविक हाट बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाट बाजार परिसर और उसके आसपास की स्वच्छता को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि बाजार क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि विक्रेताओं और ग्राहकों को एक स्वच्छ वातावरण मिल सके।

सीईओ जोसेफ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को जैविक खाद्य पदार्थों के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से जैविक उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग आवश्यक है। प्रशासन का लक्ष्य है कि स्थानीय स्तर पर उत्पादित इन शुद्ध खाद्य पदार्थों के प्रति नागरिकों का रुझान बढ़ाया जाए, जिससे किसानों को बेहतर बाजार मिले और उपभोक्ताओं को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल सके आमजन को जैविक उत्पादों के प्रति प्रेरित करने के लिये प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रेरित किया जाए। इसके अलावा सतत कृषि और रासायनिक मुक्त खेती के अभियान को जिले में गति देते हुए शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजली जोसेफ ने विकासखंड हरदा के ग्राम नयापुरा का भ्रमण किया। उन्होंने यहाँ संचालित जैविक खेती परियोजनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया और किसानों को पारंपरिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सीईओ ने ग्राम नयापुरा में विकसित किए जा रहे बायो रिसोर्स सेन्टर का जायजा लिया।

### जैविक खाद के भंडारण की व्यवस्था देखी

उन्होंने किसानों द्वारा तैयार किए गए जैविक कीटनाशक (नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र) और जैविक खाद के भंडारण की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नयापुरा के कृषकों से चर्चा करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करके किसान अपनी खेती की लागत को 30% से 40% तक कम कर सकते हैं। सीईओ ने गांव की महिला स्वयं सहायता समूहों को भी वर्मी कंपोस्ट उत्पादन से जोड़कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नयापुरा के जैविक उत्पादों की ब्रांडिंग की जाए ताकि स्थानीय स्तर के साथ-साथ शहरों में भी इन उत्पादों को अच्छी पहचान मिल सके। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने उपस्थित कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम नयापुरा के प्रत्येक किसान का मृदा स्वास्थ्य कार्ड अपडेट रहे और उन्हें समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण मिलता रहे। इस अवसर कृषि विभाग के मैदानी अमले सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित थे।

## मूलभूत सुविधाओं की कमी पर कारईवाई नहीं हो रही

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रभारी प्राचार्य को हटाने के लिए हंगामा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में शनिवार शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. संगीता बिले को हटाने की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने उनके कमरे के बाहर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर तहसीलदार राजेंद्र पंवार और एसडीएम अशोक डेहरिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों और प्राचार्य से अलग-अलग बात कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े रहे।

अभाविप के नगर मंत्री शुभम ढोके ने बताया कि पिछले छह महीने से कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिए जा रहे थे। इनमें कमरों की सफाई, स्वच्छ पेयजल, छात्राओं के लिए सेनेटरी मशीन और स्टाफ के समय पर आने की मांगें शामिल थीं। ढोके का आरोप है कि जब कमियों को लेकर प्राचार्य से चर्चा की गई तो उन्होंने अभद्र व्यवहार किया। कोई समाधान न होने पर मजबूरन धरना देना पड़ा।

हाल ही में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कॉलेज का निरीक्षण किया था। लाइब्रेरी में अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई थी, जिसके बाद जेडी कार्यालय से ग्रंथपाल को नोटिस जारी किया गया था। बताया जा रहा है कि प्राचार्य बिले और ग्रंथपाल के बीच इसी बात को लेकर तनातनी चल रही है। इस धरने को उसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। एसडीएम अशोक डेहरिया ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को हटाने की मांग की है, जिस पर चर्चा जारी है। अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने कहा कि वे व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे प्रयास कर रही हैं। उन्होंने किसी राजनीतिक षड्यंत्र की संभावना से इनकार नहीं किया, लेकिन अधिक टिप्पणी करने से मना कर दिया।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क चिकित्सा शिविर 9 फरवरी को

**सीहोर।** सीहोर के गंगा आश्रम स्थित आयुष विंग एवं स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर पर 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र लोधी ने बताया कि शिविर में अर्थ (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर एवं अन्य गुदगत रोगों का अनुभवी एवं विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर क्षारसूत्र पद्धति से निःशुल्क उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही औषधियां भी प्रदान की जाएंगी।

### ड्रोन स्क्वाड से होगी वन वन्य जीवों की निगरानी

**सीहोर।** वन एवं वन्यजीवों की प्रभावी निगरानी और संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य सेधार वनमंडलद्वारा एक विशेषड्रोन स्क्वाड का गठन किया गया है। आधुनिक तकनीक से लैस यह पहल वन प्रबंधन और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई को सक्षम बनाएगी। ड्रोन स्क्वाड में दो उन्नत ड्रोन, पर्याप्त बैटरी बैकअप और आपात स्थितियों में टीम की त्वरित तैनाती के लिए एक समर्पित वाहन शामिल है। टीम का नेतृत्व उप वनपाल स्तर के अधिकारी को सौंपा गया है। इसमें दो वन रक्षक और एक प्रशिक्षित ड्रोन ऑपरेटर की तैनाती भी की गई है। यह ड्रोन स्क्वाड वनाग्नि की समय पर पहचान एवं निगरानी, मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर नजर रखने, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा वानिकी कार्यों के प्रभावी दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल से वन एवं वन्यजीव संरक्षण की प्रक्रिया अधिक सक्षम बनेगी, साथ ही वन प्रबंधन प्रणाली में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

### सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

# युवती की रिपोर्ट, निकाह का झांसा देकर संबंध बनाए

**हरदा।** एक युवती (23) ने अपने रिश्तेदार नईम के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। युवती ने आरोप लगाया है कि नईम ने निकाह का झांसा देकर उसके साथ दो बार संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। यह मामला शुक्रवार को महिला थाने में दर्ज किया गया। महिला थाना टीआई निकिता विल्सन ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी नईम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर बताया कि आरोपी नईम उसका रिश्तेदार है। वे पहले से एक-दूसरे को जानते थे और फोन पर बातचीत के दौरान उनकी दोस्ती हो गई थी। दोनों कई बार कैफे में भी मिलते थे, जहां नईम ने उससे निकाह करने का वादा किया था। पीड़िता के अनुसार, 6 अप्रैल को नईम ने उसे फोन कर अपने घर बुलाया, यह कहकर कि घर पर कोई नहीं है। वहां उसने निकाह का भरोसा दिलाकर उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद, 1 मई को भी आरोपी ने उसे दोबारा अपने घर बुलाकर संबंध बनाए। अब आरोपी नईम ने पीड़िता से निकाह करने से इनकार कर दिया है और उसने दूसरी युवती से सगाई भी कर ली है। इसी के चलते पीड़िता ने उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। टीआई विल्सन ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 25 वर्षीय युवक की मौत, जांच जारी

हरदा। जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा में शुक्रवार शाम एक युवक (25) की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक का शव फिलहाल जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब आठ बजे ग्राम खेड़ा निवासी अरविंद पिता सुरेश झिझोरे (25) को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था। मृतक के पिता सुरेश झिझोरे ने बताया कि अरविंद उनके दो बेटों में छोटा था। पिता के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अरविंद ने मैगी बनाई थी, जिसे खाने के बाद वह सो गया था। सुरेश झिझोरे उस समय खेत पर गए हुए थे। शाम को जब वे घर लौटे और अरविंद को उठाने की कोशिश की, तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था और शरीर पर उल्टी के निशान थे। इसके बाद उसे तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अरविंद सोलर पैनल लगाने का काम करता था। ड्यूटी डॉक्टर नवीन जैन ने बताया कि युवक के मुंह से झाग निकल रहा था और जिला अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

## 55 किलोग्राम वर्गभार में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# संभाग स्तरीय कराते में जतिन ने स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले की टिमरनी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संभाग स्तरीय कराते प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जतिन राजगिरे ने 55 किलोग्राम वर्गभार में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कृष्णा गौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, प्रशांत भलावी ने राज्य स्तरीय मलखम प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 5 फरवरी को शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल में संभाग स्तरीय कराटे महिला-पुरुष प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

महाविद्यालय के स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. नितेश कनाठे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के महिला और पुरुष दोनों दलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में जतिन राजगिरे ने स्वर्ण पदक और कृष्णा गौर ने माइनस 50 किलोग्राम वर्गभार में कांस्य पदक जीता। छात्राओं में रीना नायर, अनामिका परते, करुणा परते तथा छात्रों में दीपेश कुमार सोलंकी, अश्विन राजवैध और अंकित राजपूत ने भी प्रतियोगिता में सहभागिता की। वहीं, 6 फरवरी को शासकीय गृहविज्ञान कन्या अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय मलखम प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र प्रशांत भलावी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रशांत ने इससे पहले चेन्नई में हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखम प्रतियोगिता में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के दल का प्रतिनिधित्व भी किया था।

## कलेक्टर ने की पहल

# अब सड़कों व पटरियों पर नहीं चला सकेंगे बुलडोजर



**झिरन्या।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने सड़कों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है,जिससे निजी कंपनियों पर लगाम लगेगी और उनके बुलडोजर सड़कों एवं पटरियों को क्षतिग्रस्त नहीं कर सकेंगे। उन्होंने एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल को इन कंपनियों की शीघ्र ही बैठक लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मित्तल, यहां प्रवास के दौरान आल इंडिया बंजारा संघ मुंबई के महासचिव मंगलम पंवार से चर्चा कर रही थी।

उन्होंने उनका ध्यान इस ओर आकर्षित किया था, जिसे उन्होंने गंभीरता लिया और तत्काल ही एसडीएम अग्रवाल को सभी सम्बंधित कंपनियों की बैठक लेने के निर्देश दिए हैं। अंचल में मध्यप्रदेश जल निगम भूमिगत पाइप लाइन और बीएसएनएन कंपनी ओएफसी लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि निजी कंपनियों के बुलडोजर सड़कों और उनकी पटरियों को क्षतिग्रस्त कर रहें है। जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है,जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं सरकार की करोड़ों की संपत्ति को भारी नुकसान पहुँच रहा है,जिससे जनमानस में असंतोष बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में लोक निर्माण विभाग और प्रधान मंत्री सड़क योजना की सड़कों को एयरटेल और जिओ कम्पनी सड़कों को बदहाल स्थिति में पहुंचा चुकी है।

### गंतव्य तक पहुंचने की त्रासदी

कलेक्टर मित्तल को महासचिव पंवार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भीकनगांव द्वारा निर्माणाधीन झिरन्या से दामखेड़ा फाटे तक (10 किमी) तक सड़क पर जहां-तहां गिट्टी और मुरम बिखरी हुई है। जिससे पहाड़ी अंचल के ग्रामीणों को मुंडिया-चिरीया होकर करीब 6,7 किमी अधिक दूरी तय करना पड़ रही है। कमोबेश, भीकनगांव-झिरन्या मार्ग पर भी वाहन चालक करीब एक वर्ष से आवागमन की त्रासदी भुगत रहें हैं।

## रोजगार मेला में 57 युवाओं को मिला नौकरी का सुनहरा अवसर



**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण राज्य का मिशन विकासखंड सीहोर और जिला प्रशासन के सहयोग से 6 जनवरी दिन शुक्रवार को जनपद पंचायत सीहोर में रोजगार मेला आयोजित किया गया,आयोजन में कैप्स्टन सर्विस प्रा.लिमिटेड संस्था ने भाग लिया, आयोजित रोजगार मेला जनपद पंचायत सीहोर मुख्यकार्यपालन अधिकारी नमिता बघेल के मार्गदर्शन में हुआ, मेले में जिला सीहोर एंव अन्य जिलो के विभिन्न ग्रामो से आये 117 युवक एंव युवतियों ने प्रतिभाग किया, कैप्स्टन सर्विस लिमिटेड से आये भर्ती अधिकारी सूरजभान सिंह मीणा ने तय मापदंडों के आधार पर युवाओं एंव युवतियो का साक्षात्कार लिया एंव साक्षात्कार उपरांत चयनित 57 युवक एंव युवतियो को नियक्ति पत्र प्रदान कर सिधे ज्वाईनिंग दी गई, ज्वाईनिंग के प्रथम माह से ही युवाओं/युवतियो को मिलेगा 16 से 22 हजार रूपये तक वेतन साथ में मेडिकल बीमा पीएफ और पेंशन की सुविधा भी मिलेगी भविष्य में सीनियरिटी और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रमोशन का मौका भी मिलेगा ब्लॉक प्रबंधक जनक सिंह गोयल ने बताया कि आजीविका मिशन लगातार रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है इसका उद्देश्य अल्प शिक्षित और शिक्षित बेरोजगारों को स्थानीय स्तर पर नौकरी का प्लेटफार्म देना है जिससे नवयुवकों एवं युवतियों को मिल रही बेरोजगारी से राहत मिले।

## अगले कुछ दिन लुढ़केगा पारा मौसम विभाग ने घने कोहरे की संभावना जताई, ठंडी हवा चलने से बढ़ी ठिठुरन

**सीहोर।** जिले में फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। जहां सीहोर नगर में कोहरा नहीं छाया, वहीं ग्रामीण क्षेत्र घने कोहरा छाया रहा। जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते 24 घंटों में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्शाता है। कल यह 11 डिग्री सेल्सियस था। जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में आज कोहरा नहीं छाया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट तथा घना कोहरा छाने का अनुमान जताया है। फरवरी माह के पहले सप्ताह में एक बार फिर ठंडी हवाओं का असर देखा जा रहा है। शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर था। सुबह सीहोर जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई।

**जिला फिर ठंडी हवा की चपेट में:** गौरतलब है कि दिसंबर माह में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था, जबकि जनवरी में इसमें उतार-चढ़ाव देखा गया। फरवरी की शुरुआत के साथ ही सीहोर जिला एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आ गया है। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है, और घना कोहरा छाने का सिलसिला जारी रहेगा।

## वीआईटी यूनिवर्सिटी का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने कुसमनिया घाट पर की ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर ग्राम बोरखेड़ा तहसील आष्टा में आयोजित किया जा रहा है शिविर के दिन की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसने एकता और समुदाय की भावना का प्रतीक बनाया और एन.एस.एस. स्वयंसेवक ने ढोलक वादन और भजन गाकर गाँव में अपने शिविर के चतुर्थ दिन की शुरुआत की। ट्रैकिंग अभियान - कुसमानिया पर्वतमाला दिवस की मुख्य गतिविधि के तहत स्वयंसेवकों ने (आष्टा की कुसमानिया पर्वतमाला) के एक रोमांचक ट्रेक (मन में वन) पर प्रस्थान किया। इस ट्रेक के दौरान स्वयंसेवकों ने प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया। इस ट्रेक ने स्वयंसेवकों में टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को भी विकसित किया। स्वयंसेवकों ने सारे चुनौतीपूर्ण मार्ग पार करते हुए अपने शारीरिक और मानसिक धैर्य की परीक्षा में सफल रहे। ट्रैकिंग के दौरान स्वयंसेवकों के पर्यावरणीय ज्ञान में वृद्धि हुई।

दिन के अंतिमसाय में एक कठपुतली कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिससे स्वयंसेवकों में उत्साह और सकारात्मक भावना बनी रहे। शिविर का चतुर्थ दिन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि एवं सुश्री दीप्ति भोजवानी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।